# खुशियों के रंग श्याम के संग | by Sanjeev Sharma

सूने जीवन में खुशियों का रंग भर दिया
बोल कैसे करूँ मैं तेरा शुक्रिया
दु:ख के बदले में तुमने मुझे सुख दिया
बोल कैसे करूँ मैं तेरा शुक्रिया

होगी इतनी कृपा सोचा ना था कभी
पहले कुछ भी ना था आज कुछ ना कमी
सूखे होंठों पे भी अब तो रहती हंसी
मेरे मुश्किल को तुमने सदा हल किया
बोल कैसे करूँ मैं तेरा शुक्रिया
सूने जीवन में खुशियों का रंग भर दिया
मेरे श्याम ...............

जबसे तेरी नज़र श्याम मुझ पे पड़ी
मेरी सर पे सदा रहती मोरछड़ी
अब तो है खुशनुमा ज़िन्दगी हर घडी
मेरा संकट प्रभु तुमने खुद पे लिया
बोल कैसे करूँ मैं तेरा शुक्रिया
सूने जीवन में खुशियों का रंग भर दिया
मेरे श्याम ...............

आपके साथ से हो गया हूँ निडर
आपके होते प्रभु मैं ना करता फिकर
तुमने मुझको बिठाया है ऊँचे शिखर
अवगुण मोहित का तुमने प्रभु ढक लिया
बोल कैसे करूँ मैं तेरा शुक्रिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a5%81%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%82/